कार्यालय प्राचार्य भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक, धमतरी (छ.ग.)

ई–मेल polydmt@rediffmail.com

क्रमांक / 374 / पूर्व छात्र प्रकोष्ठ / 2025 धमतरी, दिनांक 29 / 04 / 2025

**दिनांक 28.04.2025 को आयोजित एलुमनाई एसोशिएशन, बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी एवं संस्था के पूर्व छात्र प्रतिनिधियों की हाइब्रिड मोड (Offline and Online mode) बैठक का कार्यवाही विवरण**

बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी में एलुमनाई एसोशिएशन, बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी एवं संस्था के पूर्व छात्र प्रतिनिधियों की दिनांक 28.04.2025 को आयोजित हाइब्रिड मोड में (Offline and Online mode) बैठक आयाजित की गई । इस बैठक में निम्नांकित विवरण के अनुसार पदाधिकारियों एवं चार पूर्व छात्र प्रतिनिधि एवं संस्था के संकाय सदस्य /स्टाफ प्रत्यक्ष रुप से एवं 12 पूर्व छात्र प्रतिनिधि आनलाईन उपस्थित हुए–

1. श्री नरेंद्र कुमार गौर – अध्यक्ष
2. श्री युवराज देवांगन – उपाध्यक्ष
3. श्री कोमल धुरंधर – उपाध्यक्ष
4. श्री दिनेश चौरसिया – कोषाध्यक्ष
5. श्री जी.आर.साहु – प्राचार्य, बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी
6. श्री जय प्रकाश डनसेना – व्याख्याता विद्युत, बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित एलुमनाई एसोशिएशन, बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी के समस्त पदाधिकारियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया गया। ततपश्चात प्राचार्य द्वारा समस्त पदाधिकारियों एवं पूर्व छात्र प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया गया। समस्त पदाधिकारियों एवं पूर्व छात्र प्रतिनिधियों ने अपना विस्तृत परिचय दिया।

2.संस्था के प्राचार्य ,द्वारा पूर्व छात्रों का ध्यान “ **पूर्व छात्रों की समिति** (Alumni Association)” के गठन के उद्देश्यों की आरे आकृष्ट किया, जो इस प्रकार हैं –

**1.पूर्व छात्रों का डेटा संग्रहः** पूर्व छात्रों की संपर्क जानकारी और व्यावसायिक विवरण एकत्र करना एवं अद्यतन (Update) करना।

**2.पूर्व छात्र मिलन (Alumni Meet)** : नियमित अंतराल पर पूर्व छात्रों के साथ पुनर्मिलन कार्यक्रम आयोजित करना।

**3.कैरियर मार्गदर्शन एवं सलाहः** वर्तमान छात्रों के लिए करियर परामर्श सत्रों का आयोजन।

**4.उद्योग एवं अकादमिक सहयोगः** पूर्व छात्रों के माध्यम से उद्योगों के साथ संस्थान के सहयोग को बढ़ावा देना।

**5.छात्रवृत्ति एवं वित्तीय सहायताः** जरूरतमंद और मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता एवं छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने में पूर्व छात्रों की भागीदारी

**6.संस्थान के विकास में योगदानः** बुनियादी ढांचे के विकास, शोध कार्य, एवं अन्य गतिविधियों में पूर्व छात्रों की सहभागिता।

3.बैठक में बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी में पूर्व में आयोजित पूर्व छात्र प्रतिनिधियों की बैठक दि 02.04.2025 एवं दि.18/04/2024 तथा 20.04.2025 को आयोजित आनलाईन बैठक के कार्यवृत्त प्रस्तुत किए गये एव उस पर विस्तृत चर्चा की गई।

4.बैठक में विस्तृत विचार–विमर्श के पश्चात यह निर्णय लिया गया कि बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी के सभी उत्तीर्ण बैचों के पूर्व छात्रों का पहला एलुमनाई मिलन (Alumni Meet) **दिनांक 08.06.2025** को **संस्था परिसर में** आयोजित किया जाएगा। इस एलुमनाई मीट के आयोजन हेतु निम्नलिखित निर्णय लिए गए –

(i) इस एलुमनाई मीट में सहभागिता हेतु ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मई 2025 रखी गई है। पंजीयन लिंक शीघ्र ही साझा किया जाएगा। जो पूर्व छात्र 20 मई 2025 तक पंजीयन नहीं कर पाएंगे, उन्हें इस एलुमनाई मीट में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह विशेष रूप से आवश्यक है ताकि भाग लेने वाले एलुमनाई की सटीक संख्या ज्ञात हो सके और समय पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा सकें।

(ii) एलुमनाई को अपने जीवनसाथी सहित भाग लेने की अनुमति होगी। यदि कोई एलुमनाई अविवाहित हैं, तो वे अकेले भाग ले सकते हैं।

(iii) यह कार्यक्रम एलुमनाई द्वारा आयोजित किया जा रहा है। संस्थान की ओर से कोई आर्थिक सहायता का प्रावधान नहीं है। इसलिए सभी एलुमनाई से इस कार्यक्रम के लिए उदारता से सहयोग देने का अनुरोध है तथा एलुमनाई एसोसिएशन के उद्देश्यों के बिंदु 6 को भी ध्यान में रखें। लैबोरेटरी के विकास हेतु प्रस्ताव एलुमनाई के समक्ष रखा जाएगा। चूँकि एलुमनाई एसोसिएशन को शीघ्र ही पंजीकृत किया जाना है और तभी इसका बैंक खाता खोला जा सकेगा, अतः इस कार्यक्रम हेतु सहयोग राशि जमा करने के लिए बैंक खाता विवरण तथा भुगतान की विधि एलुमनाई एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष द्वारा साझा की जाएगी।

(iv) बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी के प्राचार्य ने जानकारी दी कि कलेक्टर, जिला धमतरी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत धमतरी इस कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

(v) एलुमनाई एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा यह सहमति व्यक्त की गई कि कुरूद, धमतरी एवं भानुप्रतापपुर के माननीय विधायकगणों को कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जावे।

(vi) कार्यक्रम का संभावित समय–सारणी इस प्रकार होगी –

| Event | Time |
|---|---|
| Registration | 9.00 AM |
| Tea | 10.00 AM |
| Entertainment Programme by Alumni | 10.30 to 12.30 PM |
| Lunch | 12.30 to 3.00 PM |
| Main Programme with Chief Guests | 6 to 8 PM |
| Dinner | 8 to10 PM |

(vii) कार्यक्रम को अंतिम रूप देने हेतु संस्थान के एलुमनाई प्रकोष्ठ के समन्वय में कुछ एलुमनाई को सम्मिलित कर एक कोर टीम गठित की जाएगी।

(viii) एलुमनाई मिलन (Alumni Meet) कार्यक्रम के सम्बंध में अपने सुझाव 5 मई तक प्रेषित कर सकते हैं।

6. बैठक में **एलुमनाई एसोशिएशन, बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी** के सुचारु संचालन का दृष्टिगत रखते हुए सर्वसम्मति से इस संस्था में वर्तमान मे कार्यरत निम्नलिखित **एलुमनाई** को सहसचिव के पद चयन किया गया –

1. श्री एम.के.केसरी,तकनीकी सहायक (Civil 1989 Batch) – सहसचिव
2. श्री टारजन मरकाम,ड्राफ्टमैन (Mechanical 1995 Batch) – सहसचिव

7. बैठक का समापन बीआरपी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी के प्राचार्य श्री जी.आर. साहू द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

जी.आर.साहू
प्राचार्य
बी आर पी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी

पृ क्रमांक / 374–1 / पूर्व छात्र प्रकोष्ठ / 2025 धमतरी, दिनांक 29 / 04 / 2025

29-04-2025

जी.आर.साहू
प्राचार्य
बी आर पी शासकीय पॉलिटेक्निक धमतरी